Affiliated To : Federation of Jharkhand Chamber of Commerce & Industries, Ranchi
Regtn. No. (SRA - 1860) : 708/2009-10 (Govt. of Jharkhand)

संताल परगना चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, देवघर
SANTAL PARGANA CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES, DEOGHAR

spccideoghar.2021@gmail.com | www.spccideoghar.in

PRESIDENT
ALOK KR. MALLICK
9934503132 | 8409386865

GENERAL SECRETARY
PRAMOD CHHAWCHHARIA
8709873483 | 9431132221

पत्रांक : SPCCI- 18/2021-23 दिनांक : 26.01.2022

सेवा में,

प्रधान सचिव, वित्त विभाग,

झारखण्ड सरकार, रांची।

आगामी झारखण्ड सरकार के बजट – 2022 के लिए सुझाव पत्र

महोदय,

संताल परगना चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, देवघर की ओर से अभिवादन!

माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता एवं माननीय वित्त मंत्री की उपस्थिति में आयोजित किये जा रहे बजट पूर्व संगोष्ठी में संताल परगना चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, देवघर निम्नलिखित सुझावों पर विचार करने का आग्रह करती है –

1. जियाडा अंतर्गत संताल परगना प्रक्षेत्र में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास तथा एप्रोच रोड निर्माण के लिए बजट में प्रावधान किया जाय। विदित हो कि संप में छोटे–बड़े लगभग 23 औद्योगिक क्षेत्र चिन्हित हैं जिसमें से 21 जगह एप्रोच रोड तक नहीं है।
2. जियाडा के संताल परगना क्षेत्र स्थित जसीडीह औद्योगिक क्षेत्र में बिहार के साथ प्लॉटों का One Time Settlement का प्राक्कलन बनाकर तथा उसका बजटीय प्रावधान कर पूरे जमीन को झारखण्ड सरकार अपने अधीन ले।
3. संप के प्रत्येक प्रखंडों में कम से कम 10 एकड़ जमीन माइक्रो एवं लघु उद्योगों के लिए चिन्हित कर वहां 2000 से 5000 वर्गफीट के औद्योगिक शेड का निर्माण कराया जाय तथा उसे स्थानीय उद्यमियों को आवंटित किया जाय।
4. देवघर को विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसीत करने के लिए मास्टर प्लान बनाने तथा नई योजनाओं के लिए बजट निर्धारित किया जाय।
5. देवघर के डड़वा नदी को डड़वा Front River के तहत विकसीत करने की योजना बनाई जाय।
6. देवघर में ट्रान्सपोर्ट नगर तथा देवघर शहर के मध्य स्थित पुराना मीना बाजार सब्जी मंडी को पुनरोद्धार कर G+3 मल्टीस्टोरी वेण्डर मार्केट का निर्माण किया जाय।
7. संप क्षेत्र के देवघर, बासुकीनाथ, मलूटी, तथा पाकुड़ एवं साहिबगंज जिले के पर्यटनों को जोड़कर पर्यटन सर्किट की योजना बनाकर विकसीत किया जाय।
8. स्वामी विवेकानन्द जी एवं रामकृष्ण परमहंस जी का संताल परगना के जामताड़ा एवं देवघर जिले के साथ बिहार के सीमावर्ती सिमुलतला तक आगमन और ठहरने की विरासतें जुड़ी है। इसे विवेकानन्द सर्किट के रूप में विकसीत किया जाय।
9. देवघर की सुरक्षा और विधि–व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शहर में सीसीटीवी कैमरा एवं ट्रेफिक सिग्नल पोस्ट की स्थापना तथा जसीडीह औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस थाना या ओपी बनाने के लिए बजटीय प्रावधान किया जाय।
10. देवघर में रवीन्द्रनाथ सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना के लिए जमीन उपलब्ध करायी जाय तथा स्थानीय आर्टिशन उत्पादों के बिक्री के लिए अरबन हाट विकसीत करने की योजना लायी जाय।
11. देवघर अब वृहत रूप ले रहा है तथा झारखण्ड के बड़े शहरों में शामिल हो गया है जिसके कारण चेम्बर तथा यहां की आर्थिक गतिविधियां काफी बढ़ रही है। अतः चेम्बर के स्थानीय कार्यालय बनाने के लिए निगम क्षेत्र में लगभग 2000 वर्गफीट जमीन निःशुल्क आवंटित किया जाय।

भवदीय,

Mallick

आलोक कुमार मल्लिक
अध्यक्ष

VICE PRESIDENT
UMESH RAJPAL
9431781598 | 7250784754

VICE PRESIDENT
SANJAY MALVIYA
9431134670 | 9576616022

VICE PRESIDENT
PIYUSH JAISWAL
9431163649 | 7717726102

JOINT SECRETARY
ANAND SAH
8521594569

TREASURER
DEEPAK SARAIYAN
9386651205

Correspondence Add. : Swarn Computer Press, Hanuman Tikri, Front of Jalsar Park, Deoghar - 814112 (Jharkhand)